**12-11-2023**




दैनिक भास्कर
भारत का सबसे विश्वसनीय न्यूज ऐप
इनस्टॉल करें दैनिक भास्कर और पाएं लोकल न्यूज
GET IT ON Google Play
Download on the App Store



Email:-danikdeshmorcha93@gmail.com

कानपुर, रविवार 12 नवम्बर 2023






# राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर ने स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली का अभियान शुरू किया

दैनिक देश मोर्चा
संवाददाता मनी वर्मा

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर ने ह्यस्वच्छ दिवाली शुभ दिवालीह्न अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य स्वच्छ भारत की यात्रा के साथ दिवाली के सांस्कृतिक महत्व को उजागर करना है। इसे न केवल घरों बल्कि अपने आस-पड़ोस की स्वच्छता को प्राथमिकता देने के लिए जनता के साथ जुड़ने के लिए डिजाइन किया गया है दूसरों को प्रेरित करने के लिए निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन के नेतृत्व में टीम ने आगे बढ़कर विक्रेताओं और अन्य लोगों को कपड़े के थैले वितरित किए और उनसे एकल उपयोग वाले प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग करने से बचने का अनुरोध किया। टीम ने प्रदूषण की समस्या को कम करने के लिए पर्यावरण अनुकूल मूर्तियों और अन्य सामग्रियों के उपयोग के बारे में भी जागरूकता पैदा की श्री अशोक गर्ग, नोडल अधिकारी और श्री ब्रजेश साहू, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी की एक अन्य टीम ने मेट्रो रेलवे स्टेशनों, बैंक एटीएम जैसे अधिक भीड़ वाले क्षेत्रों और संस्थान परिसर में स्वच्छ दिवाली के बारे में जागरूगता हेतु बैनर और स्टैंडी लगवाए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक ने कहा, हम अभियान को शहर के विभिन्न हिस्सों में ले जाकर त्योहार को कम वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण के साथ मनाने के लिए जागरूकता पैदा करने के अपने प्रयास जारी रखेंगे।

# स्वच्छ दिवाली, शुभ दिवाली अभियान के तहत लोगों को बांटे गये कपड़े के थैले

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान ने स्वच्छ दीवाली शुभ दिवाली अभियान शुरू किया जिसका उद्देश्य भारत की यात्रा के साथ दिवाली के सांस्कृतिक महत्व को उजागर करना है। इसे न केवल घरों बल्कि अपने आस पड़ोस की स्वच्छता को प्राथमिकता देने के लिए जनता के साथ जुड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन के नेतृत्व में टीम ने बाजार में विक्रेताओं और अन्य लोगों को कपड़े के थैले वितरित किये। उनसे एकल प्लास्टिक उपयोग वाले प्लास्टिक बैरी बैग का उपयोग न करने से बचने का अनुरोध किया। टीम ने प्रदूषण की समस्या को कम करने के लिए पर्यावरण अनुकूल मूर्तियों और अन्य सामग्रियों के उपयोग के बारे में भी जागरुकता पैदा की। नोडल अधिकारी अशोक गर्ग, ब्रजेश साहू की अगुवाई में एक टीम ने मेट्रो रेलवे स्टेशनों, बैंक एटीएम जैसे क्षेत्रों में स्वच्छ दीवाली के बारे में जागरुकता के लिए बैनर व स्टैंडी लगवाये।



युवक को कपड़े का थैला भेंट करते निदेशक प्रो.नरेन्द्र मोहन।